p>

Title: Regarding the construction of a halt station at Sijua, Remba and Jharkhand dham and the stoppage of express and mail trains.

श्रीमती अन्नपुर्णा देवी (कोडरमा): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, कई दिनों से शून्य काल आ रहा था, लेकिन मुझे बोलने का मौका नहीं मिल पा रहा था । मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं कि आज आपने मुझे बोलने का अवसर दिया । मेरे संसदीय क्षेत्र कोडरमा से गिरिडीह रेल खंड पर स्थित कई स्टेशनों के बीच की दूरी 10 किलोमीटर के आसपास है । इन स्थानों के बीच निवास करने वाले यात्रियों के लिए रेल यात्रा सुविधाजनक नहीं है । स्थानीय नागरिकों द्वारा सिजुआ, रेम्बा एवं झारखण्ड धाम में हॉल्ट स्टेशनों का निर्माण कराए जाने की मांग वर्षों से होती रही है । झारखण्ड धाम में धार्मिक पर्यटक स्थल है और वहां लोगों का बहुत ज्यादा आना-जाना होता है । वहां रेलगाड़ी का स्थायी ठहराव नहीं है, जिसकी वजह से लोगों को दिक्कत होती है । अत: मैं आपके माध्यम से सरकार को बताना चाहती हूं कि रेम्बा, सिजुआ से प्रतिदिन हजारों यात्री लम्बी दूरी तय कर अन्य स्टेशनों में यात्रा करने को विवश हैं । सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से मेरी मांग है कि जनहित में मेरे संसदीय क्षेत्र कोडरमा में स्थित ऐसे अन्य स्थानों का सर्वे कराकर हाल्ट का निर्माण कराया जाए ।

महोदय, साथ ही मैं आपके माध्यम से सरकार से पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर एक्सप्रेस एवं मेल गाड़ियों का ठहराव दिए जाने की मांग करना चाहती हूं । कोडरमा रेलवे स्टेशन पर सियालदह राजधानी एक्सप्रेस, चौधरी बांध रेलवे स्टेशन, मुम्बई मेल इंटरसिटी, शर्मा टांड स्टेशन पर जम्मू तवी सियालदह एक्सप्रेस, परसाबाद स्टेशन पर पुरुषोत्तम एक्सप्रेस तथा चिचाकी रेलवे स्टेशन पर हटिया पटना सुपरफास्ट एक्सप्रेस और सियालदह जम्मू तवी एक्सप्रेस का स्थायी ठहराव दिया जाए । कोडरमा से महेशमुंडा रेल लाईन पर स्थित न्यू गिरिडीह एवं महेशमुंडा के बीच दिघिया खुर्द रेलवे स्टेशन से गुजरने

वाली सभी गाड़ियों का ठहराव दिघिया खुर्द रेलवे स्टेशन पर दिया जाए । धन्यवाद ।

-

14.30 hrs.

MATTERS UNDER RULE - 377*

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, नियम-377 के अधीन मामले उठाने की अनुमति प्रदान की गई है । आप अपने मामले व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर रख सकते हैं ।